डीएम नोडल अधिकारियों के साथ बैठक करते हुए।



# हमारा दून

## संक्षिप्त समाचार

### न्याय पंचायतों के लिए नियुक्त किये गये नोडल अधिकारियों के साथ डीएम ने की बैठक

**संवाददाता** देहरादून। डीएम एस.ए मुरूगेशन की अध्यक्षता में विकास भवन सभागार में विश्व पर्यावरण दिवस 05 जून को स्वच्छ भारत, स्वच्छ गढवाल, स्वच्छ जनपद और स्वच्छ निकाय के सम्बन्ध में जनपद की न्याय पंचायतों के लिए नियुक्त किये गये नोडल अधिकारियों के साथ बैठक आयोजित करते हुए आवश्यक दिशा–निर्देश दिये। बैठक में सम्बन्धित अधिकारियों द्वारा पर्यावरण दिवस के अवसर पर स्वच्छता की कार्ययोजना के अनुसार की जाने वाली मुख्य गतिविधियां और अधिकारियों के कार्य–उत्तरदायित्व आदि पर विस्तृत चर्चा की गयी।

### सीएम ने टॉपर छात्रों को बधाई दी

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने उत्तराखंड बोर्ड की इंटरमीडिएट परीक्षा में प्रदेश में टॉप करने वाली उत्तरकाशी की मेधावी छात्रा सताक्षी तिवारी को और प्रदेश में हाईस्कूल परीक्षा टॉप करने वाली देहरादून की छात्रा अनंता सकलानी को बधाई दी है। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने सभी उत्तीर्ण विद्यार्थियों के उज्ज्वल भविष्य की कामना करते हुए कहा कि वे इसी लगन और मेहनत से निरन्तर आगे बढ़ते रहें। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने ऐसे छात्रों को निराश न होने के लिए कहा है जिनका परीक्षा परिणाम अपेक्षानुरूप नहीं रहा।

### तम्बाकू सेवन की आदत से बचने की अपील

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र सिंह रावत ने विश्व तम्बाकू निषेध दिवस की पूर्व संध्या पर जारी अपने संदेश में प्रदेशवासियों से तम्बाकू सेवन की आदत से बचने की अपील की है। उन्होंने कहा कि तम्बाकू एक ऐसा जहर है, जो शारीरिक रूप से तो हानिकारक है ही, साथ ही, इसके सामाजिक व आर्थिक दुष्प्रभाव भी पड़ते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि एक स्वस्थ शरीर ही स्वस्थ व विकसित राष्ट्र के निर्माण का आधार है।

### भूस्खलन को रोकने के लिए किए जा रहे उपचार कार्यों की समीक्षा

**संवाददाता** देहरादून। मुख्य सचिव उत्पल कुमार सिंह ने गुरुवार को सचिववालय में नैनीताल के बलियानाला क्षेत्र में हो रहे भूस्खलन को रोकने के लिए किए जा रहे उपचार कार्यों की समीक्षा की। मुख्य सचिव ने बलिया नाले में हो रहे भूस्खलन को रोकने के लिए किये जा रहे उपचार की प्रगति की विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने निर्देश दिये कि बलिया नाला के उपचार के लिए शॉर्ट टर्म एवं लॉन्ग टर्म ट्रीटमेंट के लिए सुनियोजित तरीके से कार्यों में तेजी लायी जाए।

## मोदी मंत्रिमंडल में रमेश पोखरियाल निशंक को मिली जगह

**शपथग्रहण**

■ कैबिनेट मंत्री के रूप में ली शपथ

देहरादून। **संवाददाता**

उत्तराखंड से सांसद रमेश पोखरियाल निशंक मोदी मंत्रिमंडल में मंत्री बन गए हैं। उन्होंने कैबिनेट मंत्री के रूप में शपथ ली। पिछली मोदी सरकार में सांसद अजय टमटा को कैबिनेट में प्रतिनिधित्व मिला था। बता दें पोखरियाल उत्तराखंड के सीएम रह चुके हैं। इससे पहले रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि मुझे पार्टी अध्यक्ष अमित शाह जी का फोन आया है। उन्होंने मुझे आज शाम प्रधानमंत्री के साथ बैठक के लिए उपस्थित रहने के लिए कहा। उन्होंने मुझे शपथ समारोह में उपस्थित होने के लिए भी कहा। देश में 17वीं लोकसभा के गठन के लिए सम्पन्न चुनाव में भाजपा ने पूर्ण बहुमत के साथ परचम लहराया है।

भाजपा को उत्तराखंड से पांचों सांसद मिले हैं। ऐसे में नरेंद्र मोदी सरकार में सांसद रमेश पोखरियाल निशंक का मंत्री बनाया गए है। इस संबंध में सांसद रमेश पोखरियाल निशंक ने कहा कि प्रधानमंत्रीजी के विजन को जमीन पर उतारने का पूरा प्रयास करूंगा। उन्होंने कहा कि दुनियां में प्रधानमंत्री मोदी ने भारत की अलग पहचान बनाई है। राष्ट्रीय अध्यक्ष अमित शाह और पीएम मोदी उन्हें जो भी जिम्मेदारी सौंपेंगे, उस पर खरा उतरने का प्रयास करूंगा।



**एक परिचय**

डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक, सांसद (हरिद्वार, उत्तराखंड)
पिता– स्व. परमानंद पोखरियाल
मां– स्व. विशंभरी देवी
जन्म– 15 जुलाई 1959
जन्म स्थान– पिनानी, पौड़ी गढ़वाल
वर्ष 2009 में उत्तराखंड के सबसे युवा मुख्यमंत्री।
वर्ष 2012 में डोईवाला क्षेत्र से विधायक निर्वाचित।
वर्ष 2014 में डोईवाला से इस्तीफा देकर हरिद्वार लोकसभा क्षेत्र से सांसद निर्वाचित। निशंक एक कवि भी हैं।

### सीएम ने केंद्रीय मंत्रिमण्डल में उत्तराखण्ड को प्रतिनिधित्व दिए जाने पर जताया आभार

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेन्द्र ने केंद्रीय मंत्रिमण्डल में उत्तराखण्ड को प्रतिनिधित्व दिए जाने पर प्रधानमंत्री का आभार व्यक्त किया है। उन्होंने केंद्रीय मंत्रिमण्डल में शामिल किए जाने पर डॉ. रमेश पोखरियाल निशंक को बधाई दी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी जी का उत्तराखंड के प्रति विशेष स्नेह रहा है। बाबा केदार के परम भक्त प्रधानमंत्री मोदी ने उत्तराखंड के समग्र विकास के लिए हरसंभव प्रयास किये हैं। पहले भी केंद्रीय मंत्रिमण्डल में उत्तराखण्ड को प्रतिनिधित्व दिया गया था। इस मंत्रिमण्डल में भी राज्य को प्रतिनिधित्व मिलने से स्पष्ट उत्तराखण्ड की केंद्र के लिए महत्ता स्पष्ट होती है।

## सदन चलाने में पक्ष और विपक्ष का योगदान सबसे अहम

**कार्यशाला**

सदन के भीतर कभी कभार उत्तेचित माहौल को मीडिया सनसनी बनाने से बचे

उत्तरांचल प्रेस क्लब सदस्यों के लिए कल्याण कोष की भी की गई लांचिग

**संवाददाता**

देहरादून। मीडिया लोकतंत्र का चौथा स्तंभ है। जनता व सरकार के बीच मीडिया सेतु का काम करता है। एक तरफ से मीडिया राजनेताओं और सरकार के लिए खुराक है। क्योंकि प्रत्येक दिन की शुरूआत मीडियो की तरफ से सामने लाए जाने वाले समाचारों से होती है। लेकिन मीडिया की यह भी जिम्मेदारी बनती है कि कभी कभार सदन के भीतर सत्र के समय माहौल उत्तेचित होने पर उसे समाचार तो बनाए। लेकिन सनसनी बनाने से बचे। क्योंकि मीडिया की तरफ से प्रकाशित होने वाले समाचारों पर जनता की विश्वसनीयता होती है।

यह बात बृहस्पतिवार को उत्तरांचल प्रेस क्लब की ओर से हिंदी पत्रकारिता दिवस पर विधायी पत्रकारिता और पत्रकार विषय पर आयोजित कार्यशाला में विधानसभा अध्यक्ष प्रेमचंद अग्रवाल ने कहीं। इससे पूर्व उन्होंने उत्तरांचल प्रेस क्लब सदस्यों के हेतु कल्याण कोष की लांचिग भी की। उन्होंने विधानसभा में मीडियो की भूमिका के विषय में बोलते हुए कहा कि सदन में दोनों पक्षों को साथ लेकर चलना होता है। क्योंकि सदन अगर सुचारू रूप से चलता है, तो इसके लिए सत्ता और विपक्ष के विधायकों की जनता की समस्याओं के प्रति उनकी गंभीरता दिखती है। उन्होंने कहा सदन चलाने में दोनों पक्षों का योगदान अहम होता है। साथ ही सदन की कार्रवाई को मीडिया की तरफ से बेहतर तरीके से उजागार करना होता है। उन्होंने कहा सदन में कभी पक्ष और विपक्ष को अलग नजर से नहीं देखा जाता है। प्रश्नकाल और शून्यकाल में सदन में विधायकों का बोलने का पूरा मौका दिया जाता है। हालांकि प्रश्नकाल में कुछ प्रश्नों के सत्ता विपक्ष की तरफ से संतोषजनक जवाब न मिलने पर व्यवधान उत्पन्न होता है। लेकिन उसके बाद भी प्रयास किया जाता है कि शून्यकाल में अताराकित प्रश्नों को रखा जाए। उन्होंने कहा सदन की कार्रवाई को जनता तक पहुंचाने में मीडिया का रोल काफी अहम है।

विधायी पत्रकारिता पर बोलते हुए विधायक विकासनगर मुन्ना सिंह चौहान ने कहा कि विधायी पत्रकारिता में विश्वशनीयता का संकट आ गया है। सदन में कई विषय इस तरह के होते है जिन में सावधानियां बरती जानी चाहिए। लेकिन अभिव्यक्ति की आजादी के चलते इसकी विश्वसनीयता बनाए रखना मुश्किल हो गया है। उन्होंने कहा कि सदन में कई सवालों को अध्यक्ष पीठ कार्रवाई में शामिल नहीं करते।




प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में मंचासीन विस स्पीकर, विधायक व प्रेस क्लब पदाधिकारी।

### मुख्यमंत्री ने पीएम मोदी को दूसरी बार पीएम बनने की दी बधाई

**संवाददाता** देहरादून। मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने दूसरी बार प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने पर नरेंद्र मोदी जी को बधाई दी है। उन्होंने केंद्रीय मंत्रियों को भी शुभकामनाएं दी हैं। सीएम त्रिवेंद्र राष्ट्रपति भवन के प्रांगण में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह में शामिल होने दिल्ली पहुंचे हैं।

मुख्यमंत्री त्रिवेंद्र सिंह रावत ने कहा है कि यह सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास की जीत है, और इस जीत पर देश की जनता ने असीम प्रेम और समर्थन लुटाया है, वो इस विश्वास को और भी मजबूत करता है। मुख्यमंत्री ने उम्मीद जताई है कि नरेंद्र मोदी जी के नेतृत्व में दूसरी बार बनी सरकार, नए भारत के निर्माण के संकल्प को पूरा करेगी। साल 2022 तक न्यू इंडिया के लक्ष्यों को प्राप्त किया जा सकेगा। एक ऐसा भारत जहाँ, स्वच्छता धर्म हो, सभी को पीने का साफ पानी मिले, सभी को पक्का घर मिले, सभी को स्वास्थ्य सुरक्षा उपलब्ध हो। मुख्यमंत्री ने कहा कि लोकसभा चुनाव में जनता ने मोदी जी के विकास के एजेंडे पर वोट दिया। किसानों, महिलाओं, श्रमिकों, युवाओं के कल्याण के लिए जो कदम उठाए गए थे, उनपर जनता ने अपना स्नेहाशीष दिया। जनता ने जाति और धर्म पर राजनीति करने वालों को सिरे से खारिज कर दिया। दशकों से गरीबों को छलने वालों का सूपड़ा साफ कर दिया।




**स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक**
**प्रदीप चौधरी**
द्वारा
एल.के प्रिटर्स,74/9,आराघर,देहरादून
से मुद्रित
व जाखन जोहड़ी रोड,
पी.ओ–राजपुर, देहरादून से प्रकाशित।
**संपादक: प्रदीप चौधरी**

**सिटी कार्यालय:**
शिवम् मार्केट, द्वितीय तल
दर्शनलाल चौक, देहरादून।
**फैक्स नं०–**
0135-2650558
(M) 9319700701
pagethreedaily@gmail.com
आर.एन.आई.नं0
UTTHIN\2005\15735
सभी विवादों का न्याय क्षेत्र देहरादून ही मान्य होगा।